ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

**01/FF/CC/M–2021–03**

# 2021

# GENERAL STUDIES

# सामान्य अध्ययन

## PAPER—II

## पत्र—II

*Time Allowed* : 3 hours | *Maximum Marks* : 300

*समय* : 3 घण्टे | *पूर्णांक* : 300

***Instructions :***

- The figures in the margin indicate full marks.
- Answer **eight** questions, selecting **three** each from Section—I and Section—II, and **two** from Section—III.
- Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.
- All questions have been printed both in Hindi and English. In case of any ambiguity in Hindi version, the English version shall be considered authentic.
- Parts of the same question must be answered together and must not be interposed between answers to other questions.

***अनुदेश :***

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खण्ड—I एवं खण्ड—II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खण्ड—III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- सभी प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषा में छपे हैं। यदि हिन्दी भाषा में कोई संदेह है, तो अंग्रेजी भाषा को ही प्रामाणिक माना जाएगा।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

## SECTION—I

## खण्ड—I

1. "The role of the President of India is like an old man in family who has all the authorities, however, he cannot do anything effective if the naughty-young members of family do not listen him." Evaluate. 38

"भारत के राष्ट्रपति की भूमिका परिवार के उस बुजुर्ग के समान है जो सभी प्राधिकार रखता है किन्तु यदि घर के शैतान-युवा सदस्य उसकी न सुनें तो वह कुछ भी प्रभावी नहीं कर सकता है।" मूल्यांकन कीजिए।

2. Indian federal structure is constitutionally oriented towards the Central Government. Explain. 38

भारतीय संघीय ढाँचा संवैधानिक रूप से केन्द्र सरकार की ओर उन्मुख है। व्याख्या कीजिए।

3. "The uneven development of Indian States has created many socio-economic and political problems." Critically analyse the statement with special reference to Bihar. 38

"भारतीय राज्यों के असमान विकास ने कई सामाजिक-आर्थिक एवं राजनीतिक समस्याओं को जन्म दिया है।" बिहार के विशेष संदर्भ में कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए।

4. The Parliament of India is an effective forum of national integration. Discuss. 38

भारत की संसद राष्ट्रीय एकीकरण का एक प्रभावी मंच है। विवेचना कीजिए।

## SECTION—II

## खण्ड—II

5. In Economic Survey of Bihar Government for 2019–20, it has been mentioned that Bihar has registered higher growth rate than the growth rate of India in last three years. Which sectors of economy have contributed to this progress? Discuss. 38

बिहार सरकार के 2019–20 के आर्थिक सर्वेक्षण में यह कहा गया है कि गत तीन वर्षों में बिहार की विकास दर भारत की विकास दर से अधिक रही है। अर्थव्यवस्था के किन क्षेत्रों ने इस प्रगति में योगदान किया है? वर्णन कीजिए।

6. What are the main causes of disparity in economic and social development prevalent in Bihar? Critically evaluate the measures taken by the Government to reduce these inequalities. 38

बिहार में व्याप्त आर्थिक एवं सामाजिक विषमताओं के मुख्य कारण क्या हैं? सरकार द्वारा इन असमानताओं को कम करने के लिए उठाए गए कदमों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

7. What do you understand by demographic dividend? According to the UNFPA Report, up to what time India specially Bihar will have opportunity to reap its benefit? Throw light on the steps taken by Bihar in this respect. 38

जनांकिकी लाभांश से आप क्या समझते हैं? यू० एन० एफ० पी० ए० की रिपोर्ट के अनुसार, भारत विशेष रूप से बिहार को इसके लाभ उठाने के अवसर किस समय तक प्राप्त होंगे? बिहार द्वारा इस संबंध में उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालिए।

8. How is human development measured? What are seven commitments of Bihar Government for achieving human development agenda? Explain the schemes of the Government for achieving these goals. 38

मानव विकास का मापन कैसे किया जाता है? मानव विकास कार्य-सूची को प्राप्त करने के लिए बिहार सरकार की सात प्रतिबद्धताएँ क्या हैं? इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार की योजनाओं को समझाइए।

## SECTION—III

## खण्ड—III

9. India is the second worst affected Covid-19 nation in the world. A fast vaccination process along with social distancing and mask use is the only solution to overcome the deadly virus. Describe the role played by our nation in countering Covid-19 situation keeping in view the Make in India concept propounded by the Prime Minister. 36

भारतवर्ष दुनिया का कोविड-19 महामारी से सबसे अधिक प्रभावित दूसरा राष्ट्र है। इस जानलेवा वाइरस के उन्मूलन के लिए केवल सामाजिक दूरी एवं मास्क के प्रयोग के साथ-साथ एक तेज टीकाकरण प्रक्रिया आवश्यक है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रतिपादित मेक इन इंडिया अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए हमारे राष्ट्र द्वारा कोविड-19 उन्मूलन के लिए उठायी गयी गतिविधियों का विस्तार से वर्णन कीजिए।

10. At present, search of life on another planet has been one of the objectives of scientists of several nations around the world. Discuss the developments of India in space research towards this objective particularly in the 21st century. 36

वर्तमान में विश्व के अनेक राष्ट्रों के वैज्ञानिकों का एक प्रमुख ध्येय दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज है। भारत के द्वारा अंतरिक्ष शोध के विकास की विवेचना, विशेष रूप से 21वीं सदी में, इस ध्येय की पूर्ति के लिए कीजिए।

11. "India has augered its defence system through inclusion of variety of arsenals under Make in India programme for its safety and security." Justify this statement on the basis of scientific developments in defence technology. 36

''मेक इन इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत भारत ने अपने सुरक्षा निकाय में सुरक्षा आयुधों एवं उपकरणों को राष्ट्र की सुरक्षा के लिए समाहित कर उसमें वृद्धि की है।'' इस कथन की पुष्टि सुरक्षा अभियांत्रिकी में वैज्ञानिक विकास के आधार पर कीजिए।

12. Floods and drought in Bihar has been the major hurdles over the years which have constantly affected its growth and prosperity. Discuss the role of science and technology in this kind of disaster management with typical examples. 36

विगत कई वर्षों से बाढ़ एवं सूखे की स्थिति ने बिहार राज्य के उन्नयन एवं समृद्धि को लगातार प्रभावित किया है। इस प्रकार के दुर्घटना प्रबंधन में विज्ञान एवं अभियांत्रिकी की भूमिका की विशिष्ट उदाहरण के साथ विवेचना कीजिए।

★★★